
DEEPER LEARNING COMICS
an initiative of DLIPL
ISSUE 05-eHI
DABUNG GIRL
टिक्की और टिक्कू की कोरोना मॉन्स्टर से जंग

## साल 2020

## मानवता एक वायरस के खिलाफ युद्ध में है!




टिक्की, टिक्कू और उनकी दादी घर पर...
जन्मदिन की शुभकामनाएं टिक्कू!
धन्यवाद टिक्की!
मेरा जन्मदिन मनाने हमने किसी को नहीं बुलाया... मम्मी-पापा भी घर पर नहीं हैं... ये तो आज तक का सबसे बोरिंग जन्मदिन है
टिक्कू, हमें कोरोना मॉन्स्टर से लड़ना है ना, इस लिए थोड़े दिन और घर में रहना होगा... सब ठीक होते ही तुम्हारा जन्मदिन अच्छे से मनाएंगे!


घर के बाहर कोरोना मॉन्स्टर...
ही... ही... ही... नादान लोग... ही... ही... ही...
...और तुम्हारे मम्मी-पापा तो हीरो हैं, वो जान बचा रहे हैं कोरोना के मरीजों की!
तो फिर, क्या हम स्कूल जा  सकते हैं?



नहीं टिक्की, बात स्कूल या जन्मदिन की पार्टी की नहीं है... हम सबको थोड़े समय के लिए भीड़-भाड़ से दूर रहना है, ताकि कोरोना-वायरस ना फैले!
तो क्या हम कोरोना-वायरस को हरा सकते हैं?
बिल्कुल! लेकिन अब सोने का समय है, हम बाद में इस बारे में बात करेंगे


घर के बाहर कोरोना मॉन्स्टर...
समझदार लग रहे हैं ये बच्चे काफी, कहीं मांगनी ना पड़े मुझे इनसे माफी, ना जाने क्या करेंगे टिक्की-टिक्कू, ज़रा गौर से मैं भी तो ये देखूँ!


थोड़ी देर बाद, टिक्की-टिक्कू अपने कमरे में...
काश ये कोरोना मॉन्स्टर जल्दी से भाग जाए!


टिक्कू, मेरे बहुत सारे सवाल हैं... क्यों ना हम दबंग गर्ल को पावर-यन्त्र से कॉल कर के बुलाएँ? उस्से पूछते हैं...


टिक्की-टिक्कू दबंग गर्ल को बुलाने के लिए पावर-यन्त्र का इस्तेमाल करते हैं...


आई रे, आई रे,
दबंग गर्ल आई रे!
फ्वूम!!!!
जब मुश्किल हो घड़ी,
दबंग गर्ल है दोस्तों के साथ खड़ी!

# दबंग गर्ल आती है...


हैलो टिक्की-टिक्कू,
कैसे याद किया?
दबंग गर्ल, हम क्या कर सकते हैं कोरोना मॉन्स्टर की छुट्टी करने के लिये?
तुम तो बहुत कुछ कर सकते हो! याद करो दादी ने तुम्हे पिछले कुछ दिनों में कितना कुछ सिखाया है...


हाँ, वो तो है!


तो बस, यही सीख तो
बाकी सब तक पहुँचानी है!


पर बाहर जाने में
तो खतरा है ना?


बिल्कुल सही! इसी लिए
तुम मेरे हॉट एयर बैलून में उड़ कर,
ऊपर से ही सब तक सुरक्षा के सन्देश
पहुँचा सकते हो... अपने मास्क
ले जाना मत भूलना!


मज़ा
आजायेगा!


हॉट एयर बैलून में टिक्की-टिक्कू...
यह सवारी तो
बहुत बढ़िया है!


अस्पताल के बाहर टिक्की-टिक्कू...
HOSPITAL
क्यों ना जायें मम्मी-पापा के पास, जन्मदिन का दिन है मिलने की है आस
वो देखते हैं अपनी मम्मी को...
मम्मी! मम्मी!



टिक्की-टिक्कू! तुम्हारा हॉट एयर बैलून है बहुत ही बढ़िया... ये तो बताओ नाश्ता किया की नहीं किया?




हाँ मम्मी, हमने तो खाया इडली-सांभर... क्या आपने काम किया रात भर?
हाँ, बहुत सारे कोरोना-वायरस रोगियों कि देखभाल करनी है... लेकिन चिंता ना करो, समय पर देखभाल के साथ, हम इस बिमारी से लड़ सकते हैं!
आप जैसे डॉक्टर्स के कारण!


ना केवल डॉक्टर्स और नर्सेस हैं तारीफ के हक़दार... अनेक अन्य लोगों को भी थैंक यू हैं बार-बार!
जैसे सफाई कर्मचारी, जो रखते हैं शहर को साफ़...
और साइंटिस्ट्स जिन्होंने वैक्सीन बनाने की ली है ज़िम्मेदारी!
और पुलिस के सिपाही जो करते हैं रक्षा दिन-रात...
मास्क बनाने वाले फैक्ट्री के कर्मचारी...


वाओ! ये तो हमने सोचा ही नहीं!
हम भी मदद करंगे!
बहुत अच्छे! बस याद हैं रखते, खुद सुरक्षित रहें, तभी मदद हैं कर सकते
बिल्कुल मम्मी, पापा को हमारा प्यार देना... बाये!

आइसक्रीम की गाड़ी के ऊपर टिक्की-टिक्कू का हॉट एयर बैलून...










क्या जो बोला है तुमने इतने विश्वास से, खुद चैक किया है इसे ध्यान से?
Ice Cream
नहीं, मैंने तो ऐसा नहीं किया!
तुम्हारी जानकारी सही नहीं है!
सोशल मीडिया पर फ़ैल रही है फेक न्यूज़ बहुत सारी... हमें भरोसेमंद सोर्स से ही लेनी चाहिए जानकारी... सरकार और डब्लू. एच. ओ. देती हैं वेरिफाईड न्यूज़ बस ऐसे ही मान ना लेना सबके व्यूज़!


हम तुरंत जा के जानकारी वेरिफाई करते हैं... और घर के अंदर ही रहते हैं!


ये हुई ना बात... बाद में मिलते हैं!


एक घर के सामने हॉट एयर बैलून... छज्जे पर एक आदमी खांस रहा है...
अंकल, लगता है आपको है काफी सर्दी-ज़ुखाम


नहीं बच्चों! इस बदलते मौसम में यह बात है बहुत आम
कोरोना मॉन्स्टर के भी सिम्पटम्स हैं यही... चैक करवाना ही है निर्णय सही
क.. क.. क.. कोरोना... चैक नहीं कराना मुझे कुछ... मैं तो हूँ एकदम तंदरुस्त!
अंकल, इसमें घबराने की नहीं है कोई बात... टेस्ट करवाना तो है एक समाजिक ज़िम्मेदारी... क्यों कि तेज़ी से आपसे पूरे परिवार में फ़ैल सकती है ये बीमारी


अगर मुझे कहीं पर बंद कर दिया तो...
वो क्वारंटाइन तो होता है मरीजों की सुरक्षा और देखभाल के लिए
याद रहे कोरोना के सिम्पटम्स हो तो छुपाना नहीं है... बल्कि चैक करवाना है
सही कहते हो तुम दोनों... मैं अपने डॉक्टर से पूछता हूँ
शुक्रिया अंकल... अगर सभी आप जैसे होंगे समझदार, तो कोरोना मॉन्स्टर ना कर पायेगा कोई वार!


टिक्की-टिक्कू का हॉट एयर बैलून आगे बढ़ता है...
सरोज दीदी बड़े दिन से घर नहीं आईं... उनकी कुकिंग को मैं याद करती हूँ भाई!
तो चलो मिलने चलते हैं!


सरोज दीदी के घर के बाहर टिक्की-टिक्कू...
पवन, सरोज दीदी कहाँ हैं?


वो खाना बना रही हैं


और तुम्हारी बहन छुटकी का कैसा है हाल-चाल?
वो घर में झाड़ू लगा रही है फिल्हाल
तुम उनकी मदद क्यों नहीं कर रहे?
मैं तो करूँगा घर पे आराम, लड़के तो सिर्फ करते हैं बाहर का काम!



ऐसा किसने बोला पवन?
तुम्हारी मम्मी तो घर और बाहर दोनों का काम करती हैं... मेरी मम्मी भी ऐसा ही करती हैं... तो तुम क्यों नहीं कर सकते घर का काम?
हम्म्म... बात तो सही है...
याद रहे, सभी को घर के काम में मदद करनी चाहिए... अपने पापा को भी समझा देना
बिल्कुल समझाऊंगा! बात उन्हें ये बताऊंगा...
अब हम चलते हैं... याद करते हैं हम सरोज दीदी को कितना, बस बता देना तुम उन्हें इतना


वे अपने दोस्त के घर के पास से गुज़रते हैं...
अमन! अमन!
स्कूल की छुट्टी हुई है जबसे, आये नहीं नज़र तुम तबसे!


अमन खिड़की खोलता है...
टिक्की-टिक्कू! कैसा है ये नज़ारा, इतना बड़ा गुब्बारा!


दबंग गर्ल ने दी है ये सवारी, लोगों तक पहुँचानी है ज़रूरी जानकारी!
बतानी थी तुमको एक ज़रूरी बात... भीड़-भाड़ से दूर रहो और साबुन से धो अपने हाथ



हाँ मेरे दोस्तों मैं जानता हूँ ये, और छूना नहीं चेहरा अपने हाथ से... और मेरी तरह अपने परिवार को भी याद दिलाना!
एकदम सही!
पर परेशान हैं हम थोड़े... दुकानों में भी ख़तम है ज़रूरी सामान... दाल, आटा, साबुन मिलने का कुछ करो इंतज़ाम!
करते हैं कुछ उपाय... परेशान मत हो मेरे भाई!

# टिक्की-टिक्कू उड़कर बाज़ार जाते हैं...




लेकिन अगर हर इंसान ऐसा करेगा, तो बाकी लोगों के लिए कुछ नहीं बचेगा!
दुकानदार एक अनाउन्स्मेंट करता है...
एक ज़रूरी अनाउन्स्मेंट है! हैंड सैनीटाइज़र ख़तम हो गया है!
इतनी जल्दी ख़तम हो गया!... सच बोला तुमने... जब हम सिर्फ अपनी ज़रुरत का सामान ही ले जायेंगे, तभी समाज में सब अपनी ज़रूरते पूरी कर पायंगे
जी आंटी!
दुकानदार अंकल, लिस्ट भेज रहे हैं ज़रूरी, हमारे दोस्त को है इन सामानों की मजबूरी...

टिक्कू ने एक पेपर प्लेन पर लिस्ट भेजी...




दुकानदार लिस्ट ले लेता है...



टिक्की-टिक्कू का हॉट एयर बैलून आगे बढ़ता है...




टिक्की-टिक्कू अपनी नानी के घर के बाहर...




नानी, क्यों हो आप बैठी अकेली? कहाँ है आपकी नर्स सहेली?
मेरे प्यारे बच्चों! मैं कितनी खुश हूँ तुम्हे देख के!
कोरोना-वायरस है हम सब पर भारी, इस लिए वो भी घर से नहीं निकल पा रही
तो आप अकेले समय कैसे काटती हो?
बस यहीं बैठी रहती हूँ, चिड़िया और पेड़ देखती रहती हूँ


टिक्की सोचने लगती है...
हमने इतने दिनों से नानी से बात नहीं की... सोशल डिस्टेन्सिंग है तो क्या हुआ, हम फ़ोन तो कर ही सकते थे!
नानी, हमने सुना है बुजुर्गों पर ज़्यादा वार करता है कोरोना मॉन्स्टर... इसलिए, रोज़ फ़ोन पर कंसल्ट करना अपना डॉक्टर... और अपना खूब ख्याल रखियेगा...
अब हम घर के लिए निकलते हैं... आपको दूर से प्यार की झप्पी देते हैं!


टिक्की-टिक्कू का हॉट एयर बैलून आगे बढ़ता है...
ध्यान से सुनो टिक्कू, किसी बच्ची के रोने की आवाज़ आ रही है...
अरे हाँ! चलो चल के देखें... शायद हम कुछ मदद कर पाएँ?
टिक्की-टिक्कू बच्ची को ढूंढते हैं...
तुम रो क्यों रही हो?


मेरी बहन अटकी है शहर में और है परेशान... वहाँ रिश्तेदारों से पड़ रही है उसे मार... और मदद का कोई नहीं है आसार!
हमारी दादी ने 1098 चाइल्ड लाइन के बारे में बताया था! अगर कोई भी बच्चा परेशानी में हो, तो 1098 पर कॉल कर के शिकायत करो... और उसको मदद मिलेगी!
मैं तुरंत फ़ोन करती हूँ, अपनी बहन को बचाती हूँ!
बिल्कुल! हम चलते हैं अपने घर!

**कोरोना मॉन्स्टर टिक्की-टिक्कू को देखता है...**









कोरोना मॉन्स्टर्स डर जाते हैं!



## टिक्की-टिक्कू अपने कमरे में...







टिक्की-टिक्कू और दादी अपने लिविंग रूम में...
अरे, ये न्यूज़ में क्या आ रहा है!
LIVE
एक बड़ा सा गुब्बारा दिखा शहर में, जिसमें बैठे दो लोगों ने औरों की मदद की!
BREAKING NEWS


हाँ तो बताओ तुम दोनों कैसे दुनिया की मदद कर सकते हो कोरोना मॉन्स्टर से लड़ने में?
अरे दादी, अब आपको क्या-क्या बतायें!!! ढिशुम-ढिशुम मारेंगे उसे
कोरोना मॉन्स्टर है बहुत शक्तिशाली... पर उसकी कमज़ोरी है साबुन और पानी...
और दादी, हम सब हैं हीरोज़... अगर हम सब मिल कर अपनी ताकतों का इस्तेमाल करेंगे, तो बनेंगे सुपर हीरोज़!
शाबाश!
समाप्त

# बच्चों के मन की बात

हैलो दोस्तों... क़वूम!!!

उम्मीद है कि आप कोरोना-वायरस से बचने के लिए सभी सावधानियां अपना रहे हैं। मैं समझ सकती हूँ कि पूरे दिन घर के अंदर रहना मुश्किल होता है, लेकिन इस समय का भी उपयोग किया जा सकता है। मैंने और मेरे दोस्तों ने कुछ नया करने की सोची है, जैसे कि:

- एक नई भाषा सीखना
- परिवार के साथ कहानियाँ सुनना और सुनाना
- अपनी हॉबी से जुड़े कुछ काम करना जैसे- गाना गाना, कोई वाद-यंत्र बजाना, चित्रकारी करना, इत्यादि
- योगा और एक्सरसाइज करना

जैसे टिक्की और टिक्कू ने किया कोरोना-वायरस से लड़ने में, वैसा हम सब भी कर सकते हैं... और सुरक्षा का संदेश सभी को बता सकते हैं।

मुझे अब जाना होगा। यह डिनर करने का समय है और मेरे पापा मेरा इंतज़ार कर रहे हैं। मैं बहुत खुश हूँ कि आज मुझे आम भी खाने को मिलेगा!

जल्दी ही मिलेंगे फिर से, तब तक के लिए... सायोनारा!

बहुत सारा प्यार,
दबंग गर्ल





# रंग भरें


मुझे अलग-अलग रंग
के कपड़े पहनने बहुत पसंद हैं|
क्या आप मुझे सुझाव दे सकते
हो मेरे कपड़ों के लिए
नए रंगों का?

लीडर
#DabungGirl

दबंग गर्ल एक भारतीय सुपरहीरो है जो सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता की दिशा में काम करती है।

निर्भय
#DabungGirl

@DabungGirl

+91-8287672077

reach@DabungGirl.com

बहादुर
#DabungGirl



वह बच्चों को अपने भीतर के नायक को महसूस करके समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है।

/DabungGirl

~~मजबूर~~
#DabungGirl

आत्मविश्वासी
#DabungGirl

होशियार
#DabungGirl

~~नाज़ुक~~
#DabungGirl

@dabung.girl

दोस्तों की दोस्त
#DabungGirl

/c/DabungGirl



~~मतलबी~~
#DabungGirl



ज़िंदादिल
#DabungGirl

जिज्ञासु
#DabungGirl

वह बच्चों की कल्पना और आत्मविश्वास को पंख देती है।

हमदर्द
#DabungGirl

DabungGirl.com



**लेखक:** सौरभ अग्रवाल और अभिषेक सिंह

**चित्रकार:** अभिश्री मित्तल और मानिस कुमार

**डिजाइन परिष्करण:** अभिश्रेय मित्तल

**अस्वीकरण:**
इस पुस्तक की कहानी एक काल्पनिक रचना है। इस कहानी के सभी पात्र, उनके नाम और घटनाए काल्पनिक है, इसका किसी भी व्यक्ति या घटना से कोई संबंध नहीं है। यदि किसी भी जीवित या मृत व्यक्ति से समानता पाई जाती है तो ये मात्र एक संयोग होगा।

यह पुस्तक कोविड -19 की घटनाओं से निपटने के लिए किसी विशेषज्ञ दिशा-निर्देश / सलाह को स्थानापन्न करने या उनके नतीजों से निपटने के उद्देश्य से नहीं है। कोविड -19 से संबंधित मामलों में प्रासंगिक स्वास्त अधिकारियों से परामर्श करना चाहिए।

डीपर लर्निंग इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित।
Copyright © 2020 Deeper Learning Innovations Pvt. Ltd. All Rights Reserved. No part of this book may be used or reproduced in any manner whatsoever without written permission.
इस पुस्तक का कोई भी भाग, बिना लिखित अनुमति के, किसी भी तरह से उपयोग या पुन: प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

अपने प्रश्नों और टिप्पणियों को मेल करें: reach@DabungGirl.com

वेबसाइट: https://DabungGirl.com

